**NEWS CLIPPING: 17.08.2017**

**THE PIONEER**

# Skill development centre for SC/ST students in Haryana

PNS ■ CHANDIGARH

In a bid to enhance the skills of students belonging to the category of Scheduled Castes (SCs) and Scheduled Tribes (STs) and to enable them to get employment opportunities, a Skill and Personality Development Programme Centre for SC/ST students will be set up in Haryana.

The Centre will be set up in the YMCA University of Science and Technology, Faridabad. All India Council for Technical Education (AICTE) has sanctioned a grant about ₹22 lakh for the Centre.

Expressing pleasure over the initiative taken by the University for the upliftment of students belonging to the category of SCs and STs, Vice-Chancellor Dinesh Kumar said that the University is committed for providing better infrastructure and facilities to all the students, especially the weaker sections of the society.

The main objective behind setting up of this Centre is to boost the confidence of the students belonging to the weaker section through the skills and personality development programme and provide them with better career opportunities so that their employability in the industry can be increased, he said.

**NEWS CLIPPING: 17.08.2017**

**DAILY POST**

# Skill development programme launched

**CHANDIGARH:** With a view to enhance the skills of students belonging to the category of Scheduled Castes (SCs) and Scheduled Tribes (STs) and to enable them for emerging employment opportunities, the YMCA University of Science and Technology, Faridabad will soon set up a Skill and Personality Development Programme Centre for SC/ST students. All India Council for Technical Education (AICTE) has sanctioned a grant about Rs 22 lakh for the Centre. Expressing pleasure over the initiative taken by the University for the upliftment of students belonging to the category of SCs and STs, Vice-Chancellor Prof Dinesh Kumar said that the University is committed for providing better infrastructure and facilities to all the students, especially the weaker sections of the society. *DP*

**NEWS CLIPPING: 17.08.2017**

**PUNJAB KESARI**

# वाईएमसीए में खुलेगा कौशल और व्यक्तित्व विकास केंद्र

- **निर्माण कार्य के लिए मिला 22 लाख का बजट**
- **केंद्र में अनुसूचित जाति के विद्यार्थियों का होगा कौशल विकास**

फरीदबाद, 16 अगस्त (पंकेस): वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय जल्द ही एक कौशल और व्यक्तित्व विकास केंद्र स्थापित करने जा रहा है। इसके लिए अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद ने 22 लाख रुपए का अनुदान स्वीकृत कर दिया है। इस केंद्र के माध्यम से अनुसूचित जाति एवं जनजाति के विद्यार्थियों का कौशल विकास किया जाएगा। इसके अलावा रोजगार के अवसर के लिए सक्षम बनाया जाएगा। विद्यार्थियों के लिए प्रशिक्षण बिल्कुल नि:शुल्क रहेगा। इसमें दाखिले के लिए मानदंड जल्द निर्धारित किए जाने की तैयारी हो रही है। विकास केंद्र के अंतर्गत विद्यार्थियों को खुद का बायोडाटा तैयार करना, कम्युनिकेशन स्किल्स, इंटरव्यू स्किल्स के लिए प्रशिक्षित किया जाएगा। केंद्र द्वारा विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास के लिए अंग्रेजी लिखने व बोलने में दक्षता, ओरिएंटेशन कार्यक्रम, प्रमुख वक्ताओं के व्याख्यान आयोजित किए जाएंगे। इसके अलावा प्रतियोगिता आयोजित कर विद्यार्थियों की क्षमता का आकलन किया जाएगा। इसके साथ ही विद्यार्थियों के लिए फीडबैक प्रणाली विकसित की जाएगी। ताकि इसके अनुसार पाठ्यक्रम में संशोधन किया जा सकें।

मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग में एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. वासुदेव मल्होत्रा के अनुसार तकनीकी शिक्षा प्राप्त कर अनुसूचित जाति व जनजाति वर्ग का कोई भी विद्यार्थी इस विकास केंद्र से जुड़ सकता है। पहले चरण में 30 सीटों के साथ शुरू करने की योजना है। जिन्हें एआईसीटीई द्वारा अनुदान के साथ बढ़ाया जा सकता है। इसके अलावा विश्वविद्यालय को हरियाणा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग की तरफ से सेमिनार तथा फैकल्टी डेवलपमेंट के लिए 2.70 लाख रुपए का अनुदान स्वीकृत हुआ है।

पंजाब केसरी ई-पेपर Thu, 17 August 2017
epaper.punjabkesari.in//c/21393536

**NEWS CLIPPING: 17.08.2017**

**HINDUSTAN HINDI**

# अनुसूचित जाति के बच्चे कौशल प्रशिक्षण लेंगे

फरीदाबाद | वरिष्ठ संवाददाता

वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में अनुसूचित जाति एवं जनजाति के विद्यार्थियों के लिए कौशल और व्यक्तित्व विकास कार्यक्रम केंद्र स्थापित किए जाएंगे। इसके लिए अखिल भारतीय तकनीकि शिक्षा परिषद की ओर से 22 लाख रुपये स्वीकृत किया है। सब कुछ ठीक रहा तो इसे एक महीने में शुरू कर दिया जाएगा। इसके शुरू होने के बाद कौशल विकास और उन्हें रोजगार के अवसर के लिए सक्षम बनाया जाएगा।

इसके शुरू होने के बाद अनुसूचित जाति व जनजाति वर्ग के छात्रों को निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके लिए प्रथम चरण में 30 सीटें निर्धारित की हैं। इसे बाद में एआईसीटीई द्वारा अनुदान के साथ बढ़ाया भी जा सकता है। इसके लिए जल्द ही रूपरेखा तैयार कर ली जाएगी। विश्वविद्यालय में इसे तैयार करने की जिम्मेदारी मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग के वरिष्ठ प्रोफेसर डॉ. वासुदेव मल्होत्रा को सौंपी है।

विद्यार्थियों को खुद का बॉयोडाटा तैयार करना, कम्युनिकेशन स्किल्स तथा इंटरव्यू स्किल्स के लिए प्रशिक्षित किया जाएगा। इस दौरान उन्हें अंग्रेजी लिखना और बोलना भी सिखाया जाएगा।

## अवसर

- कौशल और व्यक्तित्व विकास केन्द्र स्थापित करेगा वाईएमसीए
- प्रथम चरण में 30 सीटें निर्धारित, जनजाति के विद्यार्थी भी भाग लेंगे

**NEWS CLIPPING: 17.08.2017**

**AMAR UJALA**

# कौशल और व्यक्तित्व विकास केंद्र स्थापित करेगा वाईएमसीए

अमर उजाला ब्यूरो

फरीदाबाद।

वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय जल्द ही कौशल और व्यक्तित्व विकास केंद्र स्थापित करने जा रहा है। इसके लिए अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद ने 22 लाख रुपये का अनुदान स्वीकृत कर दिया है।

इस केंद्र के माध्यम से अनुसूचित जाति एवं जनजाति के विद्यार्थियों का कौशल विकास किया जाएगा। इसके अलावा रोजगार के अवसर के लिए सक्षम बनाया जाएगा। विद्यार्थियों के लिए प्रशिक्षण बिल्कुल निःशुल्क रहेगा। इसमें दाखिले के लिए मानदंड जल्द निर्धारित किए जाने की तैयारी हो रही है। विकास केंद्र के अंतर्गत विद्यार्थियों को खुद का बॉयोडाटा तैयार करना, कम्युनिकेशन स्किल्स, इंटरव्यू स्किल्स के लिए प्रशिक्षित किया जाएगा। केंद्र द्वारा विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास के लिए अंग्रेजी

## एआईसीटीई ने 22 लाख रुपये का अनुदान किया स्वीकृत

लिखने व बोलने में दक्षता, ओरिएंटेशन कार्यक्रम, प्रमुख वक्ताओं के व्याख्यान आयोजित किए जाएंगे। इसके अलावा प्रतियोगिता आयोजित कर विद्यार्थियों की क्षमता का आकलन किया जाएगा। इसके साथ ही विद्यार्थियों के लिए फीडबैक प्रणाली विकसित की जाएगी, जिससे इसके अनुसार पाठ्यक्रम में संशोधन किया जा सके। मेकैनिकल इंजीनियरिंग विभाग में एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. वासुदेव मल्होत्रा के अनुसार तकनीकी शिक्षा प्राप्त कर अनुसूचित जाति व जनजाति वर्ग का कोई भी विद्यार्थी इस विकास केंद्र से जुड़ सकता है। पहले चरण में इसे 30 सीटों के साथ शुरू करने की योजना है। इसे एआईसीटीई द्वारा अनुदान के साथ बढ़ाया जा सकता है।

**NEWS CLIPPING: 17.08.2017**

**DAINIK BHASKAR**

# वाईएमसीए स्टूडेंट्स को कौशल विकास का विशेष प्रशिक्षण देगा, केंद्र की शुरुआत 30 सीटों से

**फरीदाबाद|** एससी-एसटी स्टूडेंट्स को वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में कौशल विकास की ट्रेनिंग दी जाएगी। इसके लिए विश्वविद्यालय में जल्द ही कौशल विकास केंद्र स्थापित किया जाएगा। इसके लिए अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई) ने 22 लाख रुपए का अनुदान भी स्वीकृत कर दिया है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार के अनुसार कौशल विकास की ट्रेनिंग देने का मुख्य उद्देश्य स्टूडेंट्स के आत्मविश्वास को बढ़ाना है। जिससे वे रोजगार के लिए खुद को सक्षम बना सकें। मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डा. वासुदेव मल्होत्रा के अनुसार कौशल विकास केंद्र में ट्रेनिंग लेने के लिए एससी-एसटी वर्ग का कोई भी स्टूडेंट्स जुड़ सकता है। इसके लिए स्टूडेंट्स से किसी भी तरह की फीस नहीं ली जाएगी। केंद्र की शुरुआत 30 सीटों से होगी।

- **एआईसीटीई से 22 लाख रुपए का अनुदान स्वीकृत**
- **केंद्र से ट्रेनिंग के लिए एसटी-एससी वर्ग का कोई भी स्टूडेंट्स जुड़ सकता है**

कौशल विकास केंद्र में इन चीजों पर दिया जाएगा ध्यान

कौशल विकास केंद्र में स्टूडेंट्स को बायोडाटा तैयार करने, कम्युनिकेशन और इंटरव्यू स्किल्स बेहतर करने की ट्रेनिंग दी जाएगी। केंद्र में स्टूडेंट्स का व्यक्तित्व विकास ध्यान में रखते हुए अंग्रेजी लिखने और बोलने में दक्षता और संचार कौशल के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम भी होंगे।